अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in
E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *24 अंक 13 * दिनांक 30-11-2017 * संपादक: स्व. हरिश बी.भागवाणी : सहसंपादक- रेशमा भागवाणी : पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9825470758

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

हम चाय बेच लेंगे, लेकिन देश नहीं बेचेंगे: गुजरात की रैली में मोदी का कांग्रेस पर तंज

अहमदाबाद.नरेंद्र मोदी ने गुजरात में सोमवार को चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने चार चुनावी सभाएं कीं। राजकोट के जसदण में उन्होंने कहा- "कांग्रेस को एक गरीब के बेटे के प्रधानमंत्री बनने पर दुखी नहीं होना चाहिए। सार्वजनिक जीवन में अच्छे मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। आए दिन फिर से चाय बिकवाने की धमकी नहीं दी जानी चाहिए। हम चाय तो बेच लेंगे, लेकिन देश नहीं बेचेंगे।" मोदी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गुजरात को बदनाम करती रही है। बता दें कि राज्य में 9 और 14 दिसंबर को वोटिंग होनी है। वहीं, रिजल्ट 18 दिसंबर को आएगा।

नरेंद्र मोदी के स्पीच की 5 अहम बातें

1) मैं इस मिट्टी का बेटा हूं

- जसदण में नरेंद्र मोदी ने कहा- "कांग्रेस मुझे मेरी गरीबी की वजह से नापसंद करती है। क्या कोई पार्टी इतना नीचे गिर सकती है? हां, एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाला व्यक्ति प्रधानमंत्री बन गया। वे लोग इस अपमान को छुपा नहीं पा रहे हैं। हां, मैंने चाय बेची लेकिन मैंने देश को बेचने का पाप नहीं किया। हम चाय तो बेच लेंगे, लेकिन देश नहीं बेचेंगे।" बता दें कि मोदी का यह बयान कांग्रेस की मैगजीन में छपे उनके चाय वाला के 'मेमे' के बाद आया।

2) पाटीदारों की विरोधी है कांग्रेस

- पीएम कांग्रेस पर पाटीदारों की राजनीति करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा- " कांग्रेस लंबे वक्त से पाटीदारों का विरोध करते आ रही है। पहले बाबूभाई पटेल को जनसंघ के समर्थन से सीएम बनाया गया था, तब कांग्रेस ने विरोध किया था। इतना ही नहीं जब केशुभाई पटेल सीएम बने तब कांग्रेस ने उन्हें हटाने के लिए सबकुछ किया। ऐसा ही वाकया आनंदीबेन पटेल के सीएम बनने के वक्त दोहराया, जो पटेल कम्युनिटी की बेटी हैं। कांग्रेस हमेशा गुजरात को बदनाम करते रही है।"

3) कांग्रेस ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का भी अपमान किया।- नरेंद्र मोदी ने कहा- " कांग्रेस पार्टी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का भी अपमान किया। उसने मोरराजी देसाई के साथ भी ऐसा ही किया। कांग्रेस हर बार एक जाति को दूसरे खिलाफ खड़ी कर देती है। यही उसकी सोच है। आप लोग उन्हें गुजरात की संस्कृति खत्म नहीं करने दें। मेरा मानना है कि सभी प्रॉब्लम की जड़ विकास है। डेवलपमेंट जारी रहेगा। हम गुजरात के लोगों के लिए और काम करना चाहते हैं।"

4) मनमोहन ने गुजरात में मेरे बारे में बोला झूठ

- मोदी ने कहा- "डॉ. मनमोहन सिंह ने भी गुजरात में आकर यह झूठ कहा था कि वह बतौर मुख्यमंत्री उनसे नर्मदा प्रोजेक्ट को लेकर उनके पीएम रहते कभी नहीं मिले। तो यह झूठ क्या किसी के गले उतरेगा। असल में उन्हें जो लिख कर दिया गया होगा, वह उन्होंने पढ़ दिया था।"

5) नरेंद्र मोदी ने और क्या कहा

- प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी और इसके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम लिये बिना कहा कि इस पार्टी को लोगों ने बहुत आशा भरी नजरों से देखा था पर इसके नेताओं ने अपशब्द बोलने और आरोप लगाकर भाग जाने की गलत आदत का सहारा लिया। 100 साल से ज्यादा पुरानी पार्टी कांग्रेस भी ऐसी ही आदत अपना रही है। अब कांग्रेस के बचने की उम्मीद नहीं है।"

मोदी ने चार रैली कीं

- मोदी ने सोमवार को सबसे पहले कच्छ के भुज में, फिर राजकोट के जसदण में, अमरेली के चलाला में और फिर सूरत के पास कादोद्दारा में रैलियां कीं। बुधवार को भी वह चार चुनावी रैलियों में शामिल होंगे।

सुप्रसिद्ध सम्राट नमकीन ®
घर जैसी ही नमकीन

- सींग भुजीया
- बीकानेरी सेव
- लहसुन सेव
- रतलामी सेव
- मुंग दाल
- दालमोठ
- खट्टा-मीठा मीक्ष
- गांठीया
- टमटम
- चना जोरगरम
- बुंदी - तीखी / मोली
- सेव - सादा / नायलोन
- आलुसेव
- चना दाल
- चवाना - तीखा / मोला
- आलु वेफर-सोल्टेड/मसाला
- केला वेफर- मरी / मसाला
- फरारी चेवडा-तीखा/मोला

SAMRAT NAMKEEN PRIVATE LIMITED
71-74, Phase-2, G.I.D.C., Naroda,
Ahmedabad-382 330, Gujarat, INDIA
Phone : +91 - 79 - 22823328 / 29 / 30 / 31
Fax : +91 - 79 - 22823383
email : info@samratnamkeen.com
web : www.samratnamkeen.com

हार्दिक श्रद्धांजली

03/12/2006

हमारे पूजनीय पिता श्री

श्री सुरेशकुमार के. दादवाणी

की 11वी श्रद्धांजली

पिता जीवन हैं, संबल हैं, शक्ति हैं, पिता श्रृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति हैं. पिता की कमी को कोई बाँट नही सकता और इश्वर भी उनके आशीष को काट नहीं सकते.

आपका आशीर्वाद और स्नेह सदा बना रहे

पवन एस. दादवाणी (पुत्र)
हितेश एस. दादवाणी (पुत्र)

समस्त दादवाणी परिवार

रोहिंग्या से हथियार नहीं मिले, पर आतंकी कनेक्शन दरकिनार नहीं कर सकते: BSF

नई दिल्ली.बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल केके शर्मा ने कहा कि इंटेलिजेंस इनपुट के हिसाब से 36 हजार रोहिंग्या शरणार्थी देश के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे हैं। हालांकि, अब तक जो रोहिंग्या पकड़े गए, उनके पास से कोई हथियार या गोला बारूद नहीं मिला। लेकिन हम इंटेलिजेंस के इनपुट को दरकिनार नहीं कर सकते हैं, जिसमें कहा गया है कि रोहिंग्या के आतंकी संगठनों से लिंक हैं। बांग्लादेश से लगी सीमा पर खास चौकसी बरती जा रही है, क्योंकि करीब 10 लाख रोहिंग्या ने बांग्लादेश में शरण ली है। शर्मा ने यह बात बीएसएफ के 52वें स्थापना दिवस (1 दिसंबर) से पहले कही।

- उन्होंने कहा, ''जहां तक मेरी जानकारी में है, फिलहाल 36 हजार रोहिंग्या देश के अलग-अलग हिस्सों में रह रहे हैं। ये पुलिस-इंटेलिजेंस एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर जनरल ऑब्जर्वेशन है।''

- ''फिलहाल, बॉर्डर पर रोहिंग्या मुस्लिमों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद मिलने या आतंकी कनेक्शन का कोई मामला सामने नहीं आया है। लेकिन जैसा कि हमें इंटेलिजेंस से इनपुट मिला है कि रोहिंग्या के आतंकी संगठनों से लिंक हो सकते हैं। ये खतरनाक और काफी गंभीर मसला है। मुझे एजेंसियों के इनपुट पर संदेह नहीं है।''

रोहिंग्या को गिरफ्तार नहीं करते, वापस लौटाते हैं: शर्मा

- केके शर्मा ने कहा, ''हमारे जवान रोहिंग्या को बॉर्डर से ही वापस लौटा देते हैं, उन्हें गिरफ्तार नहीं करते हैं। ये मुद्दा काफी गंभीर है। ताजा अनुमान के हिसाब से करीब 10 लाख रोहिंग्या मुस्लिमों ने म्यांमार से आकर बांग्लादेश में शरण ली है। भारत में भी इनकी संख्या बढ़ सकती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।''

- ''हम उद्देश्य साफ है कि किसी भी अवैध शरणार्थी को देश की सीमा में घुसने की इजाजत नहीं दे सकते हैं। चाहे वो रोहिंग्या हो या फिर बांग्लादेशी। सभी को वापस लौटाया जाता है। बांग्लादेश बॉर्डर से लगी संवेदनशील पोस्टों पर हमने चौकसी बढ़ाई है। यहां अवैध शरणार्थियों पर नजर रखने के लिए जवानों सर्विलांस इक्विपमेंट्स मुहैया कराए हैं।''

ज्यादातर रोहिंग्या जम्मू-कश्मीर जाना चाहते हैं

- बीएसएफ के मुताबिक, एजेंट भारत में रोहिंग्या को अच्छी नौकरी का झांसा देते हैं। उनसे कहा जाता है कि जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु और वेस्ट बंगाल जैसे राज्यों में मुस्लिमों के साथ रहने और काम करने का मौका मिलेगा।

- ज्यादातर रोहिंग्या जम्मू-कश्मीर जाना पसंद करते हैं, क्योंकि वहां उनकी संख्या ज्यादा है। वे कुछ सालों से कश्मीर में रह रहे हैं। यहां पहुंचने के बाद वह अपने रिश्तेदारों को भी बुलाने की कोशिश करने लगते हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों के मुताबिक, कुछ रोहिंग्या सरकारी नौकरियों में भी हैं।

मोदी जी गुजरात में 50 लाख घर बनाने का वादा क्या 45 साल में पूरा होगा: राहुल

अहमदाबाद.कांग्रेस वाइस प्रेसिडेंट राहुल गांधी ने गुजरात की बीजेपी सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने ट्वीट कर गुजरात के हालात पर चिंता जाहिर की। इसमें लिखा कि गुजरात की जनता आपसे 22 सालों का हिसाब मांगती है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा, ''आपने 2012 में वादा किया था कि 50 लाख नए घर देंगे। लेकिन 5 साल में सिर्फ 4.72 लाख घर बनाए। मोदी जी, बताइए कि क्या ये वादा पूरा होने में 45 साल और लगेंगे?'' बुधवार को राहुल प्रचार के लिए 7वीं बार गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। बता दें कि गुजरात असेंबली इलेक्शन के लिए 9 और 14 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 18 तारीख को आएंगे।

एक सिंड्रोम के शिकार हैं

शनिवार को राफेल डील पर मोदी से 3 सवाल पूछे

- राहुल ने शनिवार को अरवाली में रैली की। यहां उन्होंने राफेल डील और अमित शाह के बेटे जय शाह की कंपनी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस उपाध्यक्ष ने नरेंद्र मोदी से राफेल डील पर तीन सवाल पूछे।

- राहुल पहले सवाल में पूछा- मोदी जी राफेल जहाज का दाम आपने क्यों बढ़ाया? दूसरे में पूछा- एचएएल से आपने कॉन्ट्रैक्ट छीना और उद्योगपति मित्र को दिया, ऐसा क्यों किया? साथ ही तीसरा सवाल पूछा- कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्युरिटी से आपने परमिशन ली कि नहीं?

मोदी जी कहते हैं ना बोलूंगा, ना बोलने दूंगा

संपादकीय

गुजरात: पहले फेज की 89 में से 63 सीटें BJP के पास, 35 पर पाटीदार निर्णायक

अहमदाबाद. गुजरात विधानसभा चुनाव को 2019 के आम चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। 19 साल से राज्य में बीजेपी की सरकार है। पहली बार माना जा रहा है कि कांग्रेस, बीजेपी को राज्य में कड़ी टक्कर दे रही है। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी दो महीने से लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं। वहीं, बीजेपी का पूरा केंद्रीय मंत्रिमंडल, राज्यों के मुख्यमंत्री और सीनियर लीडर भी मोदी के गढ़ को बचाने के लिए लगे हुए हैं। मोदी खुद भी लगातार गुजरात के दौरे कर रहे हैं। पहले फेज में जिन 89 सीटों पर चुनाव हो रहा है, वे सीटें सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात की हैं। इनमें से 63 बीजेपी के पास हैं। सौराष्ट्र की 35 सीटों पर पाटीदार वोटर्स का दबदबा है। इसलिए मुकाबला और कड़ा है।

सौराष्ट्र-कच्छ: बीजेपीको 45% वोट मिले थे

- सौराष्ट्र पाटीदारों का गढ़ है। बीजेपी यहां से हमेशा बढ़त लेती रही है। केशुभाई पटेल यहां के बड़े बीजेपी नेता रहे हैं, लेकिन इस बार पाटीदार बीजेपी से नाराज चल रहे हैं। हार्दिक यहां आंदोलन करते रहे हैं।

- 2012 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को यहां से 45% और कांग्रेस को 37% वोट मिले थे।

- सौराष्ट्र में 11 जिले हैं, 48 विधानसभा सीट हैं। करीब 35 सीटों पर यहां पाटीदार किसी को भी हराने या जिताने की स्थिति में हैं।

दक्षिण गुजरात: शहर में बीजेपी, गांव में कांग्रेस

- राज्य का ये इलाका कारोबारी तौर पर काफी संपन्न है। यहां शहरी और ग्रामीण इलाके दोनों हैं। शहरी इलाकों में बीजेपी का दबदबा है। वहीं, आदिवासी बहुल इलाके में कांग्रेस की पकड़ मजबूत है। 2012 चुनाव में बीजेपी को करीब 50% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 37% वोट मिले थे।

- सूरत और भरूच जैसे जिले इसी इलाके में हैं। जहां नोटबंदी और जीएसटी के चलते कारोबारी कई आंदोलन कर चुके हैं।

2012 में केशुभाई के चलते 23 सीटों पर बीजेपी हारी थी

- 2012 के विस. चुनाव से पहले बीजेपी नेता केशुभाई पटेल ने गुजरात परिवर्तन पार्टी बना ली थी, लेकिन दो सीटें जीतीं, 3.9% वोट मिले। अगर जीपीपी और बीजेपी के वोट जोड़ दिए जाएं तो 23 और सीटें बीजेपी को मिल जातीं।

- गुजरात में 18% से 20% पाटीदार वोटर हैं। 2012 में 75% पाटीदार वोट बीजेपी को मिले थे।

- लोकसभा चुनाव के बाद सौराष्ट्र-कच्छ की 4 सीटों पर उप चुनाव हुआ। इसमें से दो पर कांग्रेस ने कब्जा किया।

सिन्धी के घर की रोटी,
सिन्धी के घर की दाल।
छप्पन भोग में भी
नही ऐसा कमाल।
सिन्धी के घर का पापड़
ओर आचार
बदल देता है विचार।
सिंधी घर का पानी।
शुद्ध करे वाणी।
सिन्धी के घर के फल और
फूल।
उतार देती है जन्मों
-जन्मों की धूल।

सिन्धी की छाया।
बदल देती है
काया।
सिन्धी के घर का रायता।
मिलती है चारों और
से सहायता।
सिन्धी के घर के आम।
नई सुबह नई शाम।
सिन्धी के घर का हलवा।
दिखाता है जलवा।
सिन्धी की सेवा।
मिलता है मिश्री और
मेवा।

सिंधु नदी स्नान।
चारों धाम के तीर्थ
के समान।
सिन्धी को जो पलको पर
सजाऐ।
उस का कुल् सवर
जाये।
सिन्धी जो हो सवाली।
उसकी हर दिन
होली हर रात दीवाली।

बोल श्री जय झूलेलाल ।
हरीश भुलचन्दानी

विधानसभा चुनाव: राहुल गांधी आज गुजरात में, डेढ़ महीने में 21वीं बार मंदिर जाएंगे

नई दिल्ली.गुजरात चुनाव के पहले फेज की वोटिंग होने में अब बस 10 दिन बचे हैं। ऐसे में दोनों पार्टी बीजेपी और कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को दो दिन (29 और 30 नवंबर) के दौरे पर गुजरात पहुंच रहे हैं। वे अपने दौरे की शुरुआत सोमनाथ मंदिर में दर्शन के साथ करेंगे। राहुल डेढ़ महीने में 21वीं बार मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। बता दें कि गुजरात में 9 और 14 दिसंबर को वोटिंग है और 14 दिसंबर को काउंटिंग होगी।

डेढ़ महीने में 21वीं बार मंदिर में दर्शन को जाएंगे राहुल गांधी

- राहुल गांधी अब तक 20 मंदिर में दर्शन के लिए जा चुके हैं। इससे पहले वह गुजरात के सभी प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा कर चुके हैं। नरेंद्र मोदी ने भुज में आशापुरा मां के दर्शन के साथ गुजरात में विधानसभा चुनाव के पहले दौरों की शुरुआत की थी।
- वहीं, राहुल ने भी द्वारका में माथा टेककर नवसर्जन यात्रा शुरू की थी। राहुल 7 बार गुजरात दौरे पर आए और 20 मंदिरों में दर्शन किए।
- राहुल इन मंदिरों में गए: द्वारकाधीश, कागवड में खोडलधाम, नडियाड के संतराम मंदिर, पावागढ़ महाकाली, नवसारी में ऊनाई मां के मंदिर, अक्षरधाम मंदिर, बहुचराजी के मंदिर, कबीर मंदिर, चोटिला देवी मंदिर, दासी जीवन मंदिर, राजकोट के जलाराम मंदिर, वलसाड़ के कृष्णा मंदिर। इसके अलावा, वे कांग्रेस की नवसृजन यात्रा के दौरान 7 और छोटे-बड़े मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे।

राहुल गांधी का आज का प्रोग्राम

- दोपहर 1 बजे सोमनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे। यहीं एक सभा को संबोधित करेंगे।
- दोपहर 3 बजे जूनागढ़ के भेसन में कॉलेज ग्राउंड में स्पीच देंगे।
- शाम 4:30 बजे अमरेली के वायम मंदिर ग्राउंड में रैली करेंगे।
- शाम 7 बजे: अमरेली में फॉरवर्ड स्कूल सर्कल में जनसभा करेंगे।

गुजरात के 8 मंदिर, मोदी-राहुल के दो बड़े बयान

- गुजरात के ये 8 मंदिर की राजनीति में काफी अहमियत है। पिछले डेढ़ महीनों में नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने इन मंदिरों में माथा टेका।
- नरेंद्र मोदी बोले- "हमने अच्छे-अच्छों को मंदिर जाने की आदत डलवा दी।"
- राहुल ने कहा- "मैं शिवभक्त हूं और सत्य में विश्वास रखता है।"

पत्थरबाजों पर दर्ज 4327 केस वापस, मुफ्ती बोलीं- इंसानियत दिखानी होगी

श्रीनगर/नई दिल्ली.जम्मू-कश्मीर की सीएम महबूबा मुफ्ती ने 4,327 पत्थरबाजों पर दर्ज केस वापस लेने के ऑर्डर दिए हैं। सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला एक हाई पावर कमेटी की रिकमंडेशन के बाद लिया गया है। इस कमेटी के चेयरमैन डीजीपी एसपी वैद हैं। दूसरी तरफ, महबूबा मुफ्ती ने एक बयान में ये भी कहा कि सिर्फ आतंकियों के मारे जाने से ही आतंकवाद खत्म नहीं होगा। इसके लिए मानवता भी दिखानी होगी।

6 साल पुराने मामले

- जम्मू-कश्मीर सरकार के एक स्पोक्सपर्सन ने कहा, चीफ मिनिस्टर ने सरकार में आने के बाद कुछ केसों को वापस लेने का फैसला लिया था। 2008 से 2014 तक के मामलों को देखा जा रहा है। मुफ्ती ने शुरुआती दो महीनों में 634 युवाओं पर दर्ज 104 केसों को वापस लिया था।
- बयान के मुताबिक- इसके बाद राज्य में हिंसा बढ़ गई और इसकी वजह से यह प्रॉसेस धीमा हो गया। अब 4,327 युवाओं पर दर्ज 744 केस वापस लिए गए हैं।
- सरकार ने उन युवाओं पर दर्ज केस ही वापस लेने का फैसला किया है जिनके खिलाफ गंभीर मामले दर्ज नहीं है। राज्य सरकार ने हाल ही में 2015 से अब तक के केस रिव्यू करने के ऑर्डर दिए थे।
- स्पोक्सपर्स ने कहा- यह फैसला लेते वक्त सीएम ने उम्मीद जताई कि इस कदम से युवाओं और उनके परिवारों अपनी जिंदगी फिर से शुरू करने का मौका मिलेगा। आतंकियों को मारने से ही पूरी कामयाबी नहीं मिलेगी
- बुधवार को एक प्रोग्राम के बाद मुफ्ती ने कहा- सिर्फ आतंकियों को मारने से ही राज्य में आतंकवाद खत्म नहीं होगा, इसके लिए इंसानियत से जुड़े कदम भी उठाने होंगे।
- सीएम ने ये भी कहा कि राज्य में आतंकवाद के बाद ड्रग्स और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकना भी एक बड़ी चुनौती है। मुफ्ती ने कहा- आपको कश्मीर में आतंकवाद खत्म करना है। लेकिन, सिर्फ आतंकियों को मार देने से ही यह मसला हल नहीं होगा। इसको पूरी तरह से खत्म करने के लिए हमें मानवता भरे कदम भी उठाने होंगे। बता दें कि इस साल अब तक सिक्युरिटी फोर्सेस के हाथों 200 आतंकी मारे जा चुके हैं।
- सीएम ने यह बात पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में 847 रिक्रूट्स की पासिंग आउट परेड के बाद मीडिया से बातचीत में कही। उन्होंने कहा- हमें आतंकवाद की परेशानी और इसकी सही वजहों को समझना होगा। इसके लिए कुछ सॉफ्ट स्टेप भी लेने पड़ेंगे।

धमकियों से डरा तानाशाह का ये दुश्मन देश, जान बचाने कर रहे ऐसी तैयारियां

सियोल.साउथ कोरिया के लिए नॉर्थ कोरिया की धमकियां कभी आम बात हुआ करती थीं, लेकिन अब वो भी इससे खौफ खाने लगा है। यही वजह है कि नॉर्थ कोरिया में तानाशाह फैमिली के कई दशकों लंबे राज के बाद अब सियोल हर बुरे से बुरे हालात के लिए तैयार हो रहा है। कोई अपने लिए बंकर बनवा रहा है, तो कहीं फोर्स केमिकल हमलों से बचने के लिए ड्रिल कर रही है। नागारिकों को भी अपनी सुरक्षा के लिए हिदायतें दी जा रही हैं।

- दोनों देशों के बॉर्डर वाले इलाके में रहने वाले वू जोन्ग इल लंबे समय से चीजें नॉर्मल होने का इंतजार कर रहे हैं।
- इल का होमलैंड हजारों की संख्या गन्स और मिसाइल के निशाने पर है। इसी वजह से वो इस खौफ में हैं कि जब बुलेट्स बॉर्डर पार आएंगे, तो यहां लोगों का क्या हाल होगा।
- ऐसे में इन दिनों रिटायर्ड डेरी फार्मर बुरे दिनों के लिए तैयारी कर रहा है और घर के पास दो कॉन्क्रीट के बंकर तैयार कराए हैं।
- इल ने गार्जियन को दिए इंटरव्यू में कहा सियोल के अपने घर में भी असुरक्षित महसूस होता है। ऐसा लगता है कि हम फ्रंट लाइन पर मौजूद हैं।
- उन्होंने कहा कि हम बहुत खतरे में हैं। इस दौर के वेपन्स बहुत खतरनाक हैं। अगर जंग हुई तो फ्रंट लाइन पूरी तरह से तबाह हो जाएगी।
- इल ने कहा कि अगर जंग हुई तो इसमें कोरियन लोग ही मारे जाएंगे। अमेरिका के लिए खतरा तो सिर्फ यहां मौजूद उनके सोल्जर्स हैं। उनका देश को सुरक्षित हैं, लेकिन यहां सिविलियंस मरेंगे।

न्यूक्लियर प्रोग्राम से चिंता

- साउथ कोरिया के पूर्व फॉरेन मिनिस्टर योन यंग ने कहा कि नॉर्थ के न्यूक्लियर प्रोग्राम के जरिए अपने देश की सुरक्षा रणनीति को लेकर चल रहे हैं। ऐसे में चिंताएं दिखनी शुरू हो जाती हैं।

लोगों को मिली ऐसी हिदायतें

- द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, साउथ कोरिया में रह रहे ब्रिटिश लोगों समेत सभी को पहले से ही सावधानी बरतने के निर्देश मिल रहे हैं।
- उन्हें आर्टिलरी फायर, केमिकल वेपन और यहां तक की न्यूक्लियर ब्लास्ट से कैसे बचा जाए, इसके लिए इंस्ट्रक्शन दिए जा रहे हैं।
- कोरिया हेराल्ड ने पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड सिक्युरिटी मिनिस्ट्री के हवाले से उपायों की वो लिस्ट भी जारी कि जो नागरिकों को सुरक्षा के लिहाज से दी गई है।
- उन्हें शेल्टर्स में सुरक्षित रखने के लिए इमरजेंसी किट सप्लाई करने की एडवाइज दी गई है, जिसमें मेडिसिन, फूड, पानी, रेडियो, टॉर्च, गैस मास्क और कुछ बैट्रीज हैं।
- सिविलियंस को उन 24,000 बिल्डिंग, अंडरग्राउंड स्टेशन और पार्किंग स्पेस की भी जानकारी दी गई है, जो हमले की स्थिति में शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल करने के लिहाज से बनाए गए हैं।

चाय बेचने से पीएम तक मोदी का सफर बताता है कि बदलाव मुमकिन है: इवांका

हैदराबाद.नरेंद्र मोदी और इवांका ट्रम्प ने यहां मंगलवार को आठवें इंटरनेशनल ग्लोबल आंत्रप्रेन्योरशिप समिट का इनॉगरेशन किया। इस मौके पर इवांका ने कहा- ‘‘शुक्रिया। यूएस और 150 देशों की ओर से मैं भारत और हैदराबाद का शुक्रिया अदा करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी शुक्रिया। जब से आप प्रधानमंत्री चुने गए हैं, आपने ट्रांसफॉर्मेशन को साबित किया है। आपने जो एचीव किया, वो बेमिसाल है। यही बदलाव आप देश के करोड़ों लोगों में ला रहे हैं।’’ 30 नवंबर तक चलने वाली समिट की थीम- ‘वुमेन फर्स्ट, प्रॉस्पेरिटी फॉर ऑल’ है। इवांका ट्रम्पके स्पीच की 7 अहम बातें

1) मोदी की तारीफ की, कहा - वे बेमिसाल हैं

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में इवांका ने कहा, ‘‘आप यहां जो अचीव कर रहे हैं, वह बेमिसाल है। बचपन में चाय बेचने से लेकर आपके भारत का प्रधानमंत्री बनने तक के सफर से आपने यह साबित कर दिया है ट्रांसफॉर्मेशन चेंज मुमकिन है।’’
- "व्हाइट हाउस में भारत का सच्चा दोस्त मौजूद है। भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ती इकोनॉमी है।"

2) दुनिया भी आपकी बिरयानी का स्वाद चखे

- ‘’प्रधानमंत्री मोदी की लीडरशिप में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आपने नई यूनिवर्सिटीज खोली हैं। आपके डॉक्टर्स लाइफ सेविंग मेडिसिन बना रहे हैं। भारत के स्पेसक्राफ्ट चांद और मंगल तक जा रहे हैं। भारत के लोग हमें इन्सपायर कर रहे हैं।’’
- " मैं अपने देश के विदेश मंत्रालय और भारत के अफसरों का भी शुक्रिया अदा करती हूं। अब हो सकता है कि दुनिया भी आपकी बिरयानी का स्वाद चखे। इनोवेटर्स हैदराबाद में रहते हैं। कुछ ही किमी की दूरी पर एशिया का सबसे बड़ा इन्क्यूबेटर शुरू होने वाला है। यहां के लोग हमेशा एक अच्छे कल के लिए कोशिशें करते हैं।’’

3) आप अपना भविष्य बनाने के लिए यहां हैं

- ‘‘आंत्रप्रेन्योर्स की हमारी इकोनॉमी को आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए हम आज यहां जमा हुए हैं। आंत्रप्रेन्योर्स दिन-रात एक ऐसी कामयाबी के लिए काम कर रहे हैं जिससे करोड़ों लोगों की जिंदगी में बदलाव आ सकता है। आप अपना भविष्य बनाने के लिए यहां हैं। मैं खासतौर पर वुमन आंत्रप्रेन्योर्स का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। जब महिलाएं तरक्की करती हैं तभी देश या सोसाइटी अपने शिखर पर पहुंचती हैं।’’

4) 2014-16 के बीच वुमन आंत्रप्रेन्योर्स 10 फीसदी बढ़ी

- ‘‘मेरे पिता के प्रेसिडेंट बनने के बाद मुझे उनके बिजनेस में काम करने का मौका मिला। इसके जरिए मैं कई लोगों को एम्पावर करने की कोशिश कर रही हूं। हम ऐसी पॉलिसीज पर काम कर रहे हैं जिससे आंत्रप्रेन्योर्स तरक्की कर सकें। दुनियाभर में 2014-16 के बीच वुमन आंत्रप्रेन्योर्स 10 फीसदी बढ़ी हैं। माइनॉरिटी वुमन भी आंत्रप्रेन्योर्स बन रही हैं। यूएस में 10 लाख आंत्रप्रेन्योर्स हैं जो 90 लाख लोगों को नौकरियां दे रही हैं।’’
- "महिलाएं आज बेमिसाल मुकाम हासिल कर रही हैं। महिलाएं गैप को भरने में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। वे अपना बिजनेस स्टार्ट करने, उसे बढ़ाने में कामयाब हो सकती हैं।"

5) 1500 महिलाओं को देखकर मुझे फख्र है

- "इस तरह की इवेंट में पहली बार 1500 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं। ये मेजॉरिटी है। मुझे ये देखकर फख्र हो रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक सिटी में होना गर्व की बात है, जो टेक्नोलॉजी की दुनिया में चमक रही है।"
- "जब हमारी महिलाएं सशक्त होंगी, तभी हमारे परिवार और हमारी इकोनॉमी और हमारा समाज पूरी तरह से अपना पूरा सामर्थ्य हासिल कर पाएगा।"

6) देश की तरक्की महिलाओं से ही होगी

- ‘‘यूएस स्मॉल बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ने इस साल महिलाओं को दिए जाने वाले कर्ज को बढ़ाकर 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा कर दिया है। कुछ देशों में महिलाओं के प्रॉपर्टी रखने, अकेले फैसले लेने या बिना पुरुषों के बाहर जाने पर पाबंदी रहती है। लेकिन यूएस में ऐसा नहीं है। इस साल जी-20 समिट में यूएस ने वर्ल्ड बैंक के साथ मिलकर वुमन आंत्रप्रेन्योरशिप इनिशिएटिव शुरू किया है। ’’
- ‘‘जब महिलाएं आंत्रप्रेन्योर बनती हैं तो वे पुरुषों के मुकाबले ज्यादा महिलाओं को हायर करती हैं। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद हैं। हम मानते हैं कि देश की तरक्की महिलाओं से ही होगी। अगर भारत में वर्कफोर्स में जेंडर गैप कम हो जाए तो इकोनॉमी पर 150 अरब डॉलर का फर्क जाएगा।’’

7) रेयान जैसी महिलाएं सभी को इन्सपायर करती हैं

- ‘‘यहां रेयान है जो महज 15 साल की है। वह रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए काम कर रही हैं। रेयान जैसी महिलाएं हर आंत्रप्रेन्योर्स की कहानी को बयां करती हैं। ये महिलाएं लोगों की जिंदगी बचा रही हैं और उनकी जिंदगी को बदल रही हैं। महिलाएं और पुरुष बड़ा सपना देखने और बड़े मकसद को हासिल करने के लिए बने हैं। वे दोनों मिलकर दुनिया को बन सकते हैं।’’

क्या है खास इस GES में

पहली बार यूएस प्रेसिडेंट नहीं, उनकी बेटी हैं खास मेहमान

- 2010 से लेकर 2016 तक जहां-कहीं यह ग्लोबल समिट हुई, यूएस डेलिगेशन की अगुआई बराक ओबामा ने प्रेसिडेंट होने के नाते या जॉन केरी ने विदेश मंत्री होने के नाते की। इस बार यूएस डेलिगेशन को इवांका लीड कर रही हैं।

गुजरात का नंबर-१ सामूहिक विवाह
अहमदाबाद के मणीनगर में

अहमदाबाद
सिंधी समाज
सिंधु साथी युवा मंच-जुलेलाल मंदिर
मणीनगर द्वारा आयोजीत
१०वां शानदार
सामूहिक विवाह
दि. ३-१२-२०१७ रविवार
व्यायाम शाळा, मणीनगर, अहमदाबाद.
राजुभाई वासवाणी 9825016482
नरेशभाई हरपलाणी 9898998672
रमेशभाई रंगवाणी 9879367115
बंटीभाई तनवाणी 9328299197

परिचय सम्मलेन समिति, उदयपुर समस्त सिन्धी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए 12वा परिचय सम्मलेन

परिचय सम्मलेन समिति, उदयपुर द्वारा आयोजित समस्त सिन्धी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए योग्य जीवन साथी के चयन हेतु अवं उनकी समस्योओं के निराकरण बाबत अनेक अभिभावकों का 12वा परिचय सम्मलेन रविवार, दिनांक 24 दिसम्बर, 2017 को सुबह 10 बजे से सायं ५ बजे तक – स्थान "संत कंवरराम भवन" जय श्री राम अपार्टमेंट के पास, इ-ब्लाक, सेक्टर नंबर : १४, उदयपुर, राजस्थान.
अधिक जानकारी आप वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं.
http://www.sindhibandhu.com/sindhi-matrimonial-meet-2017/

SBI Life INSURANCE With Us, You're Sure
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Hitesh S. Dadwani Insurance Advisor
Punam H. Dadwani Insurance Advisor

: Resi. :
J-306, 3rd Floor, Amardeep Residency,
Pushkar Bunglows, Nana Chiloda, Ahmedabad.
M. +91-9979026137, +91-7600026137
E-mail : hiteshdhandwani@yahoo.com
Growing your dreams
- General Insurance
- Life Insurance
- Child Education
- Retirement Planning
- Mutual Fund
- Home Loan
- Business Loan
- Personal Loan
- Project Loan
- Mortgage Loan
You're in good hand

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया